भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2921

मंगलवार, 10 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान

2921. श्री के. राधाकृष्णनः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में पत्तन-आधारित विकास और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) इस पहल के तहत केरल में नियोजित या वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही प्रमुख औद्योगिक गलियारा, राजमार्ग और रेलवे परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या पहल की गई हैं कि केरल के ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों को पीएम गति शक्ति ढांचे के तहत बेहतर लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे से लाभ मिले?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख): पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) द्वारा नवाकुलम को विझिंजम से जोड़ने वाली एक पत्तन आधारित परियोजना का मूल्यांकन किया गया था। इसके अलावा, कोयंबटूर के रास्ते कोच्चि तक चेन्नई बेंगलुरु औद्योगिक कॉरिडोर के विस्तार के तहत पलक्कड़ में एक एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर का एनपीजी तंत्र द्वारा मूल्यांकन किया गया है। उपर्युक्त के अलावा, केरल राज्य में आने वाली 04 परिवहन परियोजनाओं (01-रेल और 03-सड़क) की योजना बनाई गई है और पीएमजीएस-एनएमपी के तहत उनका मूल्यांकन किया गया है। उपरोक्त परियोजनाओं से केरल में पत्तन आधारित विकास और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स अवसंरचना में वृद्धि होने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध-क में दिया गया है।**

केरल राज्य में अधिसूचित गैर-प्रमुख पत्तनों जैसे थालासेरी, अझिक्कल, पोन्नानी, बेपुर, कोझिकोड, वटकारा, वलियाथुरा, कन्नूर, नीलेश्वरम,

मंजेश्वरम, कासरगोड, कोडुंगल्लूर, कोल्लम, कायमकुलम, अलप्पुझा और नींदकारा को पीएम गतिशक्ति प्लेटफॉर्म पर मैप किया गया है। इसके अलावा, केरल के दो प्रमुख पत्तन, कोचीन अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह और विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय समुद्री पत्तनों को भी पीएमजीएस-एनएमपी पर मैप किया गया है।

केरल के कोचीन में एक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) भारत सरकार की भारतमाला परियोजना के तहत प्लान किए गए 35 एमएमएलपी में से एक है।

भारत सरकार 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता स्कीम' 2022-23 के भाग- II के तहत केरल राज्य के लिए चार (04) लॉजिस्टिक्स परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया था। इन परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध-ख में** दिया गया है।

(ग): **पीएमजीएस** पहल के अंतर्गत, केरल के वायनाड आकांक्षी जिले में जिला स्तरीय मास्टर प्लान (डीएमपी) शुरू किया गया है। इससे राज्य के ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स और सामाजिक अवसंरचना में सुधार करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

*****

अनुबंध-क

दिनांक 10.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2921 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) द्वारा मूल्यांकित परियोजनाओं का विवरण

क्रम सं.	मंत्रालय	परियोजना का नाम	परियोजना की अनुमानित लागत (करोड़ रुपए में)
1	सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय	एनएच-66 के अरूर से थुरावूर थेक्कू खंड तक ग्राउण्ड लेवल पर स्थित मौजूदा 4 लेन सड़क के विकास के साथ 6 लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर	₹ 2,810.00
2	रेल मंत्रालय	तुरावुर-अंबालाप्पुझाइन दक्षिण रेलवे के बीच ट्रैक का दोहरीकरण (45.86 किमी)	₹ 1,262.14
3	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय	भारतमाला परियोजना के तहत एचएएम मोड पर केरल राज्य में नवाकुलम से विझिंजम तक (किमी 0+000 से किमी 62+700 डिजाइन लंबाई - एनएच-866 का 62.7 किमी) पैकेज-I और II के तहत 4-लेन के तिरुवनंतपुरम आउटर रिंग रोड (ओआरआर) का निर्माण	₹ 4,767.20
4	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय	भारतमाला परियोजना के तहत केरल राज्य में एचएएम मोड पर पलक्कड़ से कोझिकोड (ग्रीनफील्ड) तक एन एच-966 पर 0.000 किमी से 121.006 किमी तक 4/6 लेन	₹ 10,370.00
5	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय	मदुरै-कोल्लम आईसीआर	₹ 3,518.13
6	एनआईसीडीसी, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग	कोयंबटूर के रास्ते कोच्चि तक चेन्नई बेंगलुरु औद्योगिक कॉरिडोर (सीबीआईसी) के विस्तार के तहत पलक्कड़ नोड में एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर का विकास	₹ 3815.46

******

अनुबंध-ख

दिनांक 10.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2921 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

"पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता की स्कीम" 2022-23 के भाग- II के तहत केरल राज्य के लिए अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण

क्रम सं.	परियोजना का नाम	स्थान	डीओई द्वारा अनुमोदित पूंजीगत व्यय (करोड़ रुपए में)
1	पेट्रोकेमिकल पार्क का विकास	एर्नाकुलम, केरल	55.00
2	लाइफ साइंस पार्क का विकास	थोनक्कल, तिरुवनतपुरम, केरल	15.00
3	केरल जी-गवर्नेंस प्लेटफार्म (के-जीआईएस) - गति शक्ति के लिए राज्य एसडीसी	तिरुवनंतपुरम, केरल	6.00
4	केरल में औद्योगिक पार्कों/क्षेत्रों/भूखंडों के उन्नयन के लिए परियोजनाएं	त्रिशूर, कोझिकोड, कासरगोड, कोल्लम, पथनमथिट्टा, कोट्टायम, अलप्पुझा, एर्नाकुलम, मलप्पुरम और पलक्कड़	20.00
	कुल		**96.00**

*****